भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
07.12.2022 के
अतारांकित प्रश्न सं. 18 का उत्तर

नई रेलगाड़ियां शुरू किया जाना

18. **डॉ. कलानिधि वीरास्वामी:**
श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल:
डॉ. जयंत कुमार राय:
श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देव:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) **क्या सरकार ने वंदे भारत, भारत गौरव और तेजस रेलगाड़ियां शुरू की हैं, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**
(ख) **यदि हां, तो इसकी विशेषताओं, लक्ष्यों और उद्देश्यों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**
(ग) **इस प्रयोजनार्थ चयनित रूट/क्षेत्र का ब्यौरा क्या है;**
(घ) **वर्तमान में देश में सरकार द्वारा चलाई जा रही ऐसी रेलगाड़ियों की संख्या का ब्यौरा क्या है;**
(ङ) **क्या सरकार की ऐसी रेलगाड़ियों के नेटवर्क का विस्तार करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और**
(च) **सरकार द्वारा नई रेलगाड़ियां शुरू करने, थीम आधारित पर्यटक सर्किट रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि करने और भारतीय रेलवे के विभिन्न जोनों में रेलगाड़ियों के फेरों में वृद्धि करने के संबंध में अन्य क्या कदम उठाए जा रहे हैं?**

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (च): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

s.k

नई रेलगाड़ियां शुरू किए जाने के संबंध में दिनांक 07.12.2022 को लोक सभा में डॉ. कलानिधि वीरास्वामी, श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल, डॉ. जयंत कुमार राय और श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देव के अतारांकित प्रश्न सं. 18 के भाग (क) से (च) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (घ): जी हां। इस समय, भारतीय रेल नेटवर्क पर 05 जोड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस और 04 जोड़ी तेजस एक्सप्रेस सेवाएं चलाई जा रही हैं। वर्ष 2022-23 (30 नवंबर, 2022 तक) के दौरान, भारत गौरव रेलगाड़ियों की 26 वाणिज्यिक यात्राएं परिचालित की गई हैं।

रेलगाड़ी सेटों के साथ चलाई जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस सेवाएं तीव्र सेवाएं उपलब्ध कराती हैं और इन रेलगाड़ियों में तीव्र त्वरण गति, ऑन-बोर्ड इंफोटेनमेंट और जीपीएस आधारित यात्री सूचना प्रणाली, स्वचालित स्लाइडिंग दरवाजे, रिट्रैक्टेबल फुटस्टेप्स, जीरो डिस्चार्ज वैक्यूम बायो शौचालय आदि जैसी अत्याधुनिक विशिष्टियां हैं।

तेजस एक्सप्रेस सेवाएं भी तेजस प्रकार के सवारी डिब्बों में स्वचालित प्रवेश द्‌वारों, यात्री उद्‌घोषणा/यात्री सूचना प्रणाली, आग एवं धुंआ संसूचक प्रणाली, सीसीटीवी कैमरा आदि अत्याधुनिक सवारी डिब्बे हैं, का उपयोग करते हुए तीव्र सेवाएं उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखती है।

भारत गौरव रेलगाड़ियां टूरिस्ट सर्किट रेलगाड़ियों के परिचालन के माध्यम से भारत की जनता और विश्व को भारत के समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और विशाल ऐतिहासिक स्थानों का दर्शन कराने का लक्ष्य रखती है।

वंदे भारत एक्सप्रेस, तेजस एक्सप्रेस और भारत गौरव रेलगाड़ियों का विवरण निम्नानुसार हैः

वंदे भारत एक्सप्रेसः

(1) 22435/22436 नई दिल्ली-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस

(2) 22439/22440 नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस

(3) 20901/20901 मुंबई सेंट्रल-गांधीनगर राजधानी वंदे भारत एक्सप्रेस़

(4) 22447/22448 नई दिल्ली-अंब अंदौरा वंदे भारत एक्सप्रेस

(5) 20607/20608 चेन्नई सेंट्रल-मैसूर वंदे भारत एक्सप्रेस

तेजस एक्सप्रेसः

(1) 22671/22672 चेन्नई एगमोर-मदुरै जंक्शन तेजस एक्सप्रेस

(2) 22119/22120 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-करमाली तेजस एक्सप्रेस

s.k

(3) 82501/82502 लखनऊ-नई दिल्ली तेजस एक्सप्रेस

(4) 82901/82902 मुंबई सेंट्रल-अहमदाबाद तेजस एक्सप्रेस

इसके अलावा, 04 जोड़ी राजधानी एक्सप्रेस सेवाएं तेजस रेकों के साथ चलाई जा रही हैं जो निम्नानुसार हैं:

(1) 20501/20502 अगरतला-आनंद विहार तेजस राजधानी एक्सप्रेस

(2) 12309/10 राजेन्द्रनगर-नई दिल्ली तेजस राजधानी एक्सप्रेस

(3) 12951/12952 मुंबई सेंट्रल-नई दिल्ली तेजस राजधानी एक्सप्रेस

(4) 12953/12954 मुंबई सेंट्रल-नई दिल्ली अगस्त क्रांति तेजस राजधानी एक्सप्रेस

भारत गौरव सेवाएं:

अप्रैल, 2022 से नवंबर, 2022 तक की अवधि के दौरान भारत गौरव रेलगाड़ी योजना के अंतर्गत भारत गौरव रेलगाड़ियों की 26 वाणिज्यिक यात्राएं परिचालित की गई हैं। भारत गौरव रेलगाड़ियों के परिचालन की नीति के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्रों के उपक्रमों या अन्य निकायों सहित संभावित सेवा उपलब्धकर्ता जो पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं, भारत गौरव रेलगाड़ियां चला सकते हैं। सेवा उपलब्धकर्ताओं के पास बाजार मांग, वाणिज्यिक व्यवहार्यता आदि के आधार पर भारत गौरव टूरिस्ट सर्किट रेलगाड़ियों के परिचालन के लिए थीम/मार्ग पर निर्णय लेने की पूरी छूट है। सेवा उपलब्धकर्ता यात्रियों को रेल परिवहन, आवासन, खानपान, स्थानीय सड़क परिवहन, पर्यटन आदि की सुविधा के साथ व्यापक पैकेज के प्रस्ताव की पेशकश करते हैं।

(ङ) और (च): वंदे भारत एक्सप्रेस, तेजस एक्सप्रेस सेवाओं सहित नई रेलगाड़ियां शुरू करना भारतीय रेल में सतत् प्रक्रिया है जो परिचालनिक व्यवहार्यता, संसाधनों की उपलब्धता, यातायात का स्वरूप, प्रतिस्पर्धी मांगों आदि पर आधारित है। भारत गौरव रेलगाड़ियों के परिचालन की नीति के अंतर्गत, पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले संभावित सेवा उपलब्धकर्ता भारत गौरव रेलगाड़ियों का परिचालन कर सकते हैं।

******

s.k